Important Questions Class 8 Hindi Chapter 9 दो पृष्ठभूमियाँ- भारतीय और अंग्रेजी

प्रश्न 1.
1942 का आंदोलन क्या था?

उत्तर:
अगस्त, 1942 में भारत में जो कुछ हुआ, वह आकस्मिक नहीं था। वह पहले से चली आ रही असंतोष की परिणति थी। पूरे भारत में 1942 में युवा पीढ़ी ने विशेष विश्वविद्यालयों के विद्यार्थियों ने हिंसक और शांतिपूर्ण- दोनों तरह की कार्यवाहियों से बहुत महत्त्वपूर्ण कार्य किया। 1942 के दंगों में पुलिस और सेना की गोलाबारी में हजारों लोग मारे गए तथा घायल हुए।

प्रश्न 2.
लेखक ने अकाल के बारे में क्या कहा है?

उत्तर:
ब्रिटिश शासन के 170 वर्षों में सबसे भयंकर अकाल पड़ा। इसका प्रभाव बंगाल तथा पूर्वी और दक्षिणी भारत पर पड़ा। इसकी तुलना 1766 ई. से 1770 के दौरान बंगाल और बिहार की भयंकर अकालों से की जा सकती है। इसके बाद भयंकर महामारी फैली, जैसे-हैजा और मलेरिया।

प्रश्न 3.
अकाल के दौरान क्या अंतर्विरोध दिखाई पड़ रहे थे?

उत्तर:
अकाल के दौरान कलकत्ता की सड़कों पर लाशें बिछी पड़ी थी तो दूसरी ओर अमीर तबके के लोग नाच-गाने, राग-रंग में मस्त थे। उनके सामाजिक जीवन में कोई परिवर्तन नहीं आया था। दावतों तथा विलासिता का प्रदर्शन हो रहा था। उनका जीवन उल्लास से भरा था।

प्रश्न 4.
टैगोर ने मृत्यु-शैय्या पर पड़े हुए क्या कहा था?

उत्तर:
टैगोर ने मृत्यु-शैय्या पर पड़े हुए कहा था कि ये अंग्रेज कैसा भारत छोड़ेंगे? कितनी नग्न दुर्गति है? अंत में उनकी सदियों पुरानी प्रशासन की धारा सूख जाएगी तो वे अपने पीछे कितनी कीचड़ और कचरा छोड़ जाएंगे।

प्रश्न 5.
अकाल युद्ध के बाद प्रकृति क्या करती है?

उत्तर:
अकाल युद्ध के बाद प्रकृति अपना कायाकल्प करती है। नए प्रकार से सृजन- कार्य होता है। लड़ाई के मैदान फूलों और हरी घास से भर जाते हैं।

https://www.evidyarthi.in/

https://www.evidyarthi.in/